तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 7 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

उदयपुर में अलग-अलग दलों में बटे 26 हाथी, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

4



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

प्रशासनिक फेरबदल : 4 अधिकारियों को एसडीएम की जिम्मेदारी

बलरामपुर। जिले में प्रशासनिक कार्यव्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अधिकारियों के कार्यों में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर बालेश्वर राम को कुसमी अनुविभाग का एसडीएम एवं दंडाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर अनमोल विवेक टोप्पो को राजपुर एवं शंकरगढ़ अनुविभाग का एसडीएम एवं दंडाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें तहसील शंकरगढ़ के आहरण-संवितरण अधिकारी का दायित्व भी सौंपा गया है। संयुक्त कलेक्टर विवेक चन्द्रा को बलरामपुर अनुविभाग का एसडीएम एवं दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही वे जिला सत्कार अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज का कार्य भी देखेंगे। डिप्टी कलेक्टर तुलसी दास मरकाम को वाड्रफनगर अनुविभाग का एसडीएम एवं दंडाधिकारी बनाया गया है। आदेश में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को जिला कार्यालय बलरामपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं संबंधित अधिकारियों को 5 अक्टूबर को मध्यान्ह पश्चात एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यव्यवस्था के तहत आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम ठेलुपारा निवासी जय सिंह आ. रामजय (41 वर्ष) 5 अक्टूबर को गांव में धान मिसाई करने गया था। रात करीब 11 बजे घर आया और उल्टी करने लगा। उल्टी करने के दौरान कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की मौत, बाल-बाल बची पत्नी

अम्बिकापुर। बिस्तर में सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के काटने पर ग्रामीण कपड़ा को फेंका तो सांप पत्नी के ऊपर जा गया जिससे पत्नी सांप के काटने से बाल बाल बच गई। ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम झुमरपारा निवासी धरम आ. बाबूलाल (40 वर्ष) 5 अक्टूबर की शाम भोज कर घर के कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर पत्नी के साथ सो रहा था। इसी दौरान रात लगभग 10 बजे दाहिने हाथ के भुजा में कुछ काटने पर कपड़ा को फेंका तभी पत्नी पर करैत सांप गिर। पत्नी ने कपड़ा को तत्काल दूसरी ओर फेंका तो देखा कपड़ा में करैत सांप था। सांप को डंडे से अधमरा कर धरम को तत्काल सजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान तडके 4.15 बजे ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अब मंगलवार को भी मिलेगी सुविधा

सांसद ने अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे का किया उद्घाटन



हरी झण्डी दिखाते सांसद व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सांसद चिंतामणि महाराज ने मंगलवार को अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को निजामुद्दीन स्टेशन के लिए रवाना किया। उद्घाटन होने के बाद अब यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी।

खास बात

- हरी झंडी दिखा ट्रेन को किया रवाना, रेल सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए सप्ताह में दो दिन ट्रेन संचालन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। रेल सेवा की आवृत्ति बढ़ने से पूरे सरगुजा संभाग के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलने के कारण सभी यात्रियों को यात्रा का अवसर नहीं मिल पाता था। अब अतिरिक्त फेरा शुरू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रथम दिन यात्रियों में नई सेवा को लेकर उत्साह दिखा। रायगढ़, जशपुर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से यात्री ट्रेन से यात्रा करने पहुंचे। डीआरएम राकेश रंजन ने कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से दिल्ली के लिए संचालित रेल सेवा को सप्ताह में दो दिन करने की मांग की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों की मांग पर रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन की आवृत्ति बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन की गई है। डीआरएम श्री रंजन ने अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन में नया प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कोचिंग सुविधाओं में सुधार का कार्य किया जा रहा है। भविष्य में अम्बिकापुर से और ट्रेनों के संचालन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जरूरी अधोसंरचना और सुविधाओं के विस्तार पर कार्य किया जा रहा है।

ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए सप्ताह में दो दिन सीधी ट्रेन की सुविधा मिलने से दिल्ली आने-जाने वाले विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों सहित अन्य यात्रियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे का उद्घाटन होने पर विश्वकर्मा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सांसद चिंतामणि महाराज को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान डीसीएम एस भारतीयन, एसआर डीआरएम श्री अहूजा, पार्षद आलोक दुबे, रविकांत उरांव, भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती अरूणा सिंह, विनोद हर्ष सहित जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

डीआरएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

सरगुजा रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम राकेश रंजन से मिलकर रेल विस्तार सहित विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की एवं ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने अम्बिकापुर-रेणुकूट नई रेल परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति एवं आगामी आम बजट में शामिल करने का प्रस्ताव भेजने के संबंध में चर्चा किया। प्रतिनिधियों ने अम्बिकापुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन शीघ्र शुरू करने की मांग की। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन में पीट लाइन, अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण पूरा होने के बाद कोचिंग ट्रेन प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। अनूपपुर से अम्बिकापुर के लिए प्रातः 3 बजे दोपहर 2 बजे के बीच ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी का हवाला देकर पूर्व की भांति सुबह 10 बजे ट्रेन चलाने की मांग की गई। डीआरएम ने मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर ट्रेन को अम्बिकापुर तक चलाने का परीक्षण कराने का आश्वासन दिया। अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन के लगातार घंटों विलंब से चलने की शिकायत पर उन्होंने ऑपरेशन मैनेजर को निरंतर ध्यान रखने निर्देशित किया।



घटना स्थल पर पड़ा घायल।

ट्रैक्टर ट्राला से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन लोगों की मौत का कारण बन रहे है। एक बार फिर से एनएच किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राला के टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। एक साथ दो दोस्तों की मौत से परिजन सदमें में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

- एनएच 43 पर झरगवां में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि सोमवार को बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कुनकुरी निवासी 27 वर्षीय मुन्ना राम आ. राजनाथ पैंकरा अपने दोस्त भटको निवासी 24 वर्षीय अजय प्रधान उर्फ अज्जू आ. महेश प्रधान के साथ किसी काम से अंबिकापुर गया हुआ था। देर शाम दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में उन्होंने एलुमिना फैक्ट्री में काम करने वाले अपने दोस्त पथरई निवासी 28 वर्षीय राजमोहन आ. सुंदर राम को भी अपने साथ ले लिया। तीनों युवक बाइक से वापस लौट रहे थे। इस बीच रात लगभग 8.30 बजे जैसे ही वे एनएच 43 पर झरगवां मोड़ पर पहुंचे सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से व बिना संकेतक के खड़े ट्रैक्टर के ट्राला से युवकों की बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर बिखर गये। इस हादसे में मुन्ना राम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने अजय प्रधान उर्फ अज्जू को भी मृत घोषित कर दिया।

वहीं गंभीर रूप से घायल राज मोहन को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मंगलवार को मामले में पुलिस दवारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। इधर एक साथ दो दोस्तों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आग की चपेट में आने से गंभीर हुई वद्धा की शहर की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- आग तापते समय झुलसी थी वृद्धा

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरनापारा हरगवां निवासी बुधेश्वरी पैकरा पति स्व. रामू पैकरा (67 वर्ष) 4 अक्टूबर की शाम घर में चूल्हा के पास आग ताप रही थी। इसी दौरान आग की चपेट में आ गई जिससे वृद्धा शोर मचाने लगी। वृद्धा की आवाज सुन कर परिजन मौके पर पहुंचे और पानी से किसी तरह आग को बुझा कर वृद्धा को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एमआरएम और जीआरएम पोर्टल को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एमआरएम और जीआरएम पोर्टल के उपयोग एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रेंज स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर समस्त साइबर नोडल अधिकारी कर्मचारियों सहित बैंकों के अधिकारियों कर्मचारियों को पोर्टल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

- आईजी व एसएसपी की मौजूदगी में हुई रेंज स्तरीय कार्यशाला

आईजी दीपक कुमार झा व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में जिलों के नामांकित पुलिस अधिकारी थाना चौकी प्रभारी, कर्मचारी सहित रेंज के सभी जिले के नामांकित बैंक अधिकारी-कर्मचारीयों को संयुक्त रूप से



शामिल करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर तकनीकी विशेषज्ञ पुलिस मुख्यालय से आए एआईजी कवि गुप्ता द्वारा ने जानकारी प्रदान की। तकनीकी विशेषज्ञ कवि गुप्ता ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा लॉन्च एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पीड़ित के ऑनलाइन साइबर ठगी के होल्ड राशि को ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर वापसी की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। जीआरएम पोर्टल के संबंध में बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति का यदि साइबर पुलिस पोर्टल में ऑनलाइन शिकायत की वजह से फ्रीज किया गया है, तो सर्वप्रथम फ्रीज खाता धारक अपने बैंक शाखा में जाकर अपनी केवायसी और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का पुख्ता और लीगल सबूत देकर बैंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने फ्रीज खाते को संबंधित थाने या जाँचकर्ता अधिकारी के जाँच उपरांत निर्धारित समय अवधि में अनफ्रीज की कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान एफआईआर रूपांतरण, समन्वय पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की पत्रकार वार्ता

25 वर्षों की जनसेवा ने देश को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



होटल पर्पल आर्किड में आयोजित भाजपा सरगुजा संभागीय पत्रकार वार्ता को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने होटल पर्पल आर्किड में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। जनधन, उज्जवला, जलजीवन मिशन, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से गरीब, किसान, महिला और ग्रामीण परिवारों को लाभ मिला है। छत्तीसगढ़ में 41 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने तथा 25 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2025 में 3.51 लाख आवासों के गृहप्रवेश तथा 3 लाख हितग्राहियों के लिए 1200 करोड़ रूपये की किश्त जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि सड़क, रेल, बिजली, औद्योगिक क्षेत्र, फार्मास्यूटिकल पार्क और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण परियोजनाएं आगे बढ़ी है। वर्ष 2025 में राज्य में 14260 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के जनसेवा काल के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेरे सपनों का भारत थीम पर चित्रकला, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियां भी आयोजित हो रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह एवं जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, राजकुमार बंसल, विवेक दुबे, आलोक दुबे आदि उपस्थित थे।

पिकअप दुर्घटना में घायल, बच्ची की मौत

अम्बिकापुर। पिकअप दुर्घटना में घायल 9 माह के बच्ची की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्ची को कुसमी से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। वहीं इसके पूर्व सोमवार को घटना में दो महिलाओं की पहले ही मौत हो गई थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- कोरंधा थाना क्षेत्र में हुई थी घटना, पहले हो चुकी है दो महिलाओं की मौत

बता दें कि सोमवार को कुसमी के कोरंधा थाना अंतर्गत पिकअप क्रमांक सीजी 15 डीपी 2749 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया था। पिकअप सवार 18 ग्रामीण घर लिपाई के लिए काली मिट्टी लेने क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर जा रहे थे। इसी दौरान चालक अशोक किंडो ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप वाहन को पेड़ से टक्कर मार दिया था। इस हादसे में पिकअप वाहन सवार देवरी निवासी 40 वर्षीया सूरजमणि पति बालेश्वर व 30 वर्षीया किरण पति कपिल की मौत हो गई थी जबकि घटना में महिला, पुरुस व बच्चे समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। इसी घटना में 9 माह की बच्ची एलिसा कुजूर आ. अजीत कुजूर भी अपने माता-पिता के साथ गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बच्ची को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई जबकि माता-पिता का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है जबकि घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

खबर संक्षेप

जनकपुर में सेवा सेतु शिविर आज

जनकपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आगामी 07 अक्टूबर 2026 को इंद्रप्रस्थ स्टेडियम, जनकपुर में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर की तैयारियों को लेकर विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय तथा आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का सहज लाभ दिलाने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिला स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनकपुर में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बीएलओ करेंगे पात्र नागरिकों का सत्यापन

मनेन्द्रगढ़। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में एमसीबी जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में घर-घर भ्रमण करेंगे। इस दौरान मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के तहत पात्र नागरिकों की जानकारी संकलित की जाएगी।


नुक्कड़ नाटक से गूंजा जनजागरूकता का संदेश

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड भरतपुर के कोटाडोल में 29 सितंबर 2026 को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक जागरूकता तथा नागरिकों की सहभागिता से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलाकारों ने संवाद, अभिनय एवं मनोरंजक प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने, अपने अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक रहने तथा समाजहित में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया। विभिन्न सामाजिक विषयों को सरल भाषा और प्रभावी अभिनय के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह एवं अनीता चौधरी, सरपंच सुभाष सिंह, मंडल अध्यक्ष कोटाडोल मनोज गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

परेशानी बिना भौतिक सत्यापन ऑनलाइन एंट्री पर सवाल, रिकॉर्ड सुधाराने भू-स्वामियों को काटने पड़ते हैं कार्यालयों के चक्कर

ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में पिता के नाम की जगह दर्ज है रायपुर, भू-स्वामी हलाकान

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के अधिकांश कार्यों को ऑनलाइन किए जाने का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर से राहत दिलाना है, लेकिन ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी में त्रुटियां सामने आने के बाद भू-स्वामियों की परेशानी कम होने के बजाए बढ़ रही है।



कोरिया जिले के पटना उपतहसील अंतर्गत ग्राम रनई में ऑनलाइन खसरा रिकॉर्ड में एक भूमि स्वामी के पिता के नाम के स्थान पर प्रदेश की राजधानी रायपुर दर्ज होने का मामला सामने आया है। रिकॉर्ड में निवास का पता भी रायपुर दर्ज बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रनई स्थित खसरा नंबर 934, रकबा 1.8200 हेक्टेयर के ऑनलाइन खसरा रिकॉर्ड में भूमि स्वामी का नाम श्यामप्यारे हर्ष एक्सट्रेक्ट्स लिमिटेड दर्ज है। वहीं पिता के नाम के स्थान पर रायपुर दर्ज है तथा निवासी का पता भी रायपुर दर्शाया गया है। ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में इस तरह की प्रविष्टि सामने आने के बाद रिकॉर्ड की जांच और डाटा एंट्री प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बिना जांच-परख ऑनलाइन एंट्री का आरोप

डिजिटल इंडिया के तहत राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन किए जाने के दौरान संबंधित जानकारी की जांच और भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मामले में रिकॉर्ड में पिता के नाम और निवास पते के स्थान पर शहर का नाम दर्ज होने से यह सवाल उठ रहा है कि ऑनलाइन प्रविष्टि से पहले रिकॉर्ड की जांच किस स्तर पर की गई। हालांकि, संबंधित विभागीय स्तर से इस त्रुटि के कारणों की पुष्टि किया जाना बाकी है।

जांच से सामने आएगा कारण

ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज इस प्रविष्टि की जिम्मेदारी और त्रुटि का वास्तविक कारण संबंधित राजस्व रिकॉर्ड की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ऐसे मामलों में रिकॉर्ड अपलोड करने से पहले दस्तावेजों का सत्यापन और ऑनलाइन एंट्री की निगरानी की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की जरूरत है, ताकि भू-स्वामियों को बाद में सुधार के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सुधार के लिए काटने पड़ते हैं चक्कर

ऑनलाइन रिकॉर्ड में गलत जानकारी दर्ज होने का पता भू-स्वामियों को बाद में चलता है। इसके बाद रिकॉर्ड में सुधार कराने के लिए उन्हें पटवारी से लेकर संबंधित राजस्व कार्यालयों तक संपर्क करना पड़ता है। ऑनलाइन व्यवस्था का उद्देश्य प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है, लेकिन रिकॉर्ड में त्रुटि होने पर सुधार प्रक्रिया लंबी होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पारिवारिक विवाद में वारदात, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को दबोचा

लाठी मारकर पिता की हत्या, बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक ने अपने ही पिता के सिर पर लाठी से वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद फरार आरोपी को जनकपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लाठी भी पुलिस ने बरामद कर ली है।


आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बघवार मोहल्ला भगवानपुर निवासी बिरन सिंह की उनके बेटे वंश बहादुर सिंह (31) ने पारिवारिक विवाद के दौरान हत्या कर दी। बताया गया कि विवाद के दौरान आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पिता के सिर के पीछे लाठी से जोरदार वार किया। गंभीर चोट लगने से बिरन सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के भतीजे मोतीलाल सिंह ने थाना जनकपुर पहुंचकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना जनकपुर में अपराध क्रमांक 245/2026 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। अधिकारियों के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान जानकारी मिली कि वंश बहादुर सिंह अपने ही गांव में पुलिस से बचने के लिए लुक-छिपकर रह रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर भगवानपुर के बघवार मोहल्ले से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में इस्तेमाल की गई लाठी अपने घर के सामने स्थित खेत में छिपाकर रखना बताया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में लाठी बरामद कर जब्त की। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जनकपुर उपनिरीक्षक विजय सिंह, सहायक उपनिरीक्षक किशन चौहान, सउनि चित्र बहोर यादव, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक जय ठाकुर, आरक्षक सूर्यपाल सिंह एवं सहायक आरक्षक विष्णु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कानफोड़ू साइलेंसर वाली 4 बुलेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





शहर में तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट चलाने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने और शहर में शांति का माहौल कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार रात ओड़गी नाका चौक में अचानक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

- प्रत्येक चालक पर 5 हजार रुपए का चालान

चेकिंग के दौरान तेज आवाज और पटाखे जैसी आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी चार बुलेट मोटरसाइकिलों को पुलिस ने जब्त किया। प्रत्येक बुलेट चालक के खिलाफ 5-5 हजार रुपए का समन शुल्क लगाया गया। पुलिस की कार्रवाई से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों में हड़कंप की स्थिति रही। वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। इसके अलावा बिना हेलमेट, बिना आवश्यक दस्तावेज और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई।

मानक साइलेंसर लगाने की अपील

सिटी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्रा ने वाहन चालकों से अपील की है कि बाइक या अन्य वाहनों में लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर को तत्काल हटाकर कंपनी का मानक साइलेंसर लगवाएं। सिटी कोतवाली प्रभारी ने चेतावनी दी है कि चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन जब्त करने के साथ नियमानुसार जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की है।

समान नागरिक संहिता पर सुझाव और विचार साझा करेंगे संभाग के प्रतिनिधि

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता यूसीसी के संबंध में जनप्रतिनिधियों सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद और सुझाव प्राप्त करने के लिए सरगुजा संभाग में दो दिवसीय बैठक आयोजित की जा रही है।

समान नागरिक संहिता समिति के सचिव द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार संभाग स्तरीय बैठक 8 अक्टूबर को अम्बिकापुर तथा 9 अक्टूबर को जशपुर में आयोजित होगी। अम्बिकापुर में 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे शासकीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में बैठक होगी। इसमें सरगुजा संभाग के सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर रामानुजगंज, एमसीबी एवं सूरजपुर जिले के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी क्रम में 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जशपुर में बैठक आयोजित की जाएगीए जिसमें जशपुर जिले के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने संभाग के सभी संबंधित जिलों के राजनीतिक दलोंए सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट एवं गणमान्य नागरिकों तथा निगम, मंडल और आयोग के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार एवं सुझाव साझा करने का अनुरोध किया है।

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह में कांग्रेस का जमकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को जिला स्तरीय वोट बचाओ देश बचाओ पैदल मार्च एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय, बैकुंठपुर में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता से हुई। प्रेसवार्ता के पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राजीव भवन से गांधी पार्क स्थित प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता द्वारा प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया गया। इसके पश्चात कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, यवत सिंह, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, बीएल राजवाड़े आशीष यादव लल्ला, सुरेश सिंह, अजीत लकड़ा, वरिष्ठ मुख्तार अहमद हेमसागर यादव, धीरज शिवहरे, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं मंडल सेक्टर बूथ, पंचायत एवं बीएलए एवं भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

नगरीय चुनाव के लिए कांग्रेस में दावेदारों की सक्रियता बढ़ी

बैकुंठपुर। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। पार्टी ने अध्यक्ष और पार्षद पद के दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया 3 अक्टूबर से शुरू कर दी है, जो 10 अक्टूबर तक चलेगी।

आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही दोनों नगरीय निकायों में चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी स्तर पर अपनी दावेदारी पेश करनी शुरू कर दी है। कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि बैकुण्ठपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अब तक दो आवेदन प्राप्त हुआ है। वहीं शिवपुर-चरचा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चार आवेदन आए हैं। दोनों नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों से पार्षद पद के लिए बैकुंठपुर में 15 और शिवपुर चरचा में 12 आवेदन अब तक प्राप्त होने की जानकारी उन्होंने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी स्तर पर सभी आवेदनों की गहन समीक्षा की जाएगी। इसके बाद संगठन द्वारा संभावित प्रत्याशियों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर के लिए आफताब अहमद, रामायण, शिवपुर चरचा के लिए श्रीमती अंशु लकड़ा, श्रीमती पदमावती यादव, श्रीमती नीता मिश्रा, श्रीमती नम्रता सिंह ने जमा किया है।

मूलभूत मांगों को लेकर सीएम से मिले भाजपाई



सोनहत। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को लेकर भाजपा सोनहत का प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा, जहां मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात हुई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को समय देकर करीब एक घंटे तक क्षेत्र की विकास संबंधी मांगों, समस्याओं तथा भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए विभिन्न जनहित के विषयों को गंभीरता से सुना और मांगों पर आवश्यक पहल एवं समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, सोनहत मंडल सह प्रभारी मनोज साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी एवं मंडल महामंत्री सुरेश राजवाड़े शामिल रहे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि सोनहत क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई मांगें पूर्व में शासन के समक्ष रखी गई थीं। इन मांगों में कई महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति मिलने पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वीकृत कार्यों में राउतसरई, बेलार्ड, सिंहपानी, पत्थरगवां, जोगिया, रजपुरी, भलूआर, परहित एवं रामगढ़ क्षेत्र में बिजली से संबंधित कार्य प्रमुख हैं।

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
- सुरक्षित प्रसव सुविधा
- बांझपन परामर्श एवं उपचार
- पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
- महिला रोगों की जांच व इलाज
- सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
- डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
CGHS से मान्यता प्राप्त
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 11 अक्टूबर 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समयः- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
- रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
- ग्राफुलीय एवं सुरक्षित उपचार
- बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
- मृत और विक्षप्तनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386 हमारी पहचान

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
कुपोषण, खांसी एवं संक्रमण
डीहाइड्रेशन एवं ब्रेस्ट फीडिंग
कमजोर एवं बार बार बीमार होने वाले बच्चों पर विशेष परामर्श
वर्षों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शफी अहमद आ.हाजी अब्दुल वहीद खान निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2542/2, 2542/3 रकबा 0.150, 0.040 हे. मेसे 21/2 डिसमिल भूमि को अनावेदक मनसूर आलम आ.यासीन सिद्दकी निवासी मकान नंबर 52, वार्ड नंबर 11, चम्पा चम्पाखुडिया जिला जशपुर छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 8,40,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.10.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांकः- 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.-/ब-121/2025-26
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शफी अहमद आ.हाजी अब्दुल वहीद खान निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2542/2, 2542/3 रकबा 0.150, 0.040 हे.मेसे 21/2 डिसमिल भूमि को अनावेदक सरफराज आलम आ.अब्दुल रउफ आलम निवासी डीपाडीह जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 8,40,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.10.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांकः- 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.-/ब-121/2025-26
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शफी अहमद आ.हाजी अब्दुल वहीद खान निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2540/12, 2542/2, 2542/3 रकबा 0.248, 0.150, 0.040 हे. मेसे 6 डिसमिल भूमि को अनावेदक राशीद राजा आ.अयौब अंसारी द्वारा मुख्तारग्राहिता अयूब जुलाहा अंसारी आ. अहमद रउफ अंसारी निवासी ग्राम महुआडीह तहसील शंकरगढ जिला बलरामपुर छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 20,16,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.10.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक-05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

गांव-गांव पहुंचा वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश

मनेंद्रगढ़। वनमण्डल मनेंद्रगढ़ अंतर्गत वन परिक्षेत्र केल्हारी में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर रविवार को जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्य प्राणियों के संरक्षण, मानव-वन्य प्राणी सह-अस्तित्व तथा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही हाथियों की मौजूदगी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों और क्या करें-क्या न करें के संबंध में भी जानकारी दी गई। जन-जागरूकता कार्यक्रम वनमण्डलाधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्राधिकारी केल्हारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। बाइक रैली में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं चौकीदारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न गांवों में पहुंचकर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। वन्यप्राणी संरक्षण जागरूकता बाइक रैली ग्राम कछौड़ से प्रारंभ हुई।

खबर संक्षेप

बसदेई नाला में पुलिया निर्माण की मांग, 60-70 परिवारों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

राजपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़खड़वा के डाड़खड़वा कोरवापारा पहुंच मार्ग में बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला पर पुलिया नहीं होने के कारण कोरवापारा के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के मौसम में नाले में पानी बढ़ जाने से मार्ग बाधित हो जाता है और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों देवनाथ, बुधराम, पवन, सुखराम, दिनेश पहाड़ी कोरवा के अनुसार डाड़खड़वा कोरवापारा में करीब 60 से 70 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों के लिए बसदेई नाला पार कर आवागमन करना मजबूरी है। बरसात के दिनों में नाले में पानी का बहाव तेज होने पर पैदल आवागमन भी जोखिम भरा हो जाता है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। आवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यहां पुलिया निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। पुलिया निर्माण होने से कोरवापारा सीधे पहुंच मार्ग से जुड़ जाएगा और ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति जल्द प्रदान की जाए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से भी प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुमन्त प्रजापति ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चौथी बार रक्तदान किया।



उन्होंने ग्राम मसगा निवासी सुखराम कुम्हारिया की माता विफनी बाई के लिए रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। मरीज को रक्त की आवश्यकता होने की जानकारी मिलने पर सुमन्त प्रजापति ने तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच कर रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध हो जाने से मरीज विफनी बाई (70 वर्ष) की जान बच सकी। ब्लड सेंटर अधिकारी द्वारा सुमन्त प्रजापति को रक्तदान के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुमन्त प्रजापति ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। सुमन्त प्रजापति के इस सेवाभावी कार्य की देखते हुए अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. रेलवानी सहित अन्य अधिकारियों ने सराहना की।

महामना मालवीय मिशन द्वारा अर्जुन विषाद योग का पाठ



अम्बिकापुर। महामना मालवीय मिशन द्वारा समाजसेवी राजकुमार गुप्ता के निवास पर श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय का सामूहिक पाठ किया तथा इसके दार्शनिक पक्ष पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गीता का प्रथम अध्याय केवल युद्ध भूमि में अर्जुन के विषाद का वर्णन नहीं करता बल्कि यह मनुष्य के भीतर चलने वाले द्वंद को सामने लाता है। अर्जुन का विषाद ही आगे चलकर आत्मज्ञान और कर्मयोग की आधारभूमि बनता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में कौरव और पांडव सेनाएँ आमने-सामने खड़ी है। सामने पितामाह भीष्म, गुरू द्रोणाचार्य, भाई-बांधव, मित्र और संबंधियों को देखते हैं तो उनका मन विचलित हो जाता है। राम नारायण शर्मा ने कहा कि अर्जुन के मन में यह प्रश्न उठता है कि अपने ही स्वजनों को मारकर प्राप्त राज्य और विजय का क्या महत्व है। वे कुलनाश, सामाजिक व्यवस्था के विघटन और पाप की आशंका व्यक्त करते हुए युद्ध से विमुख हो जाते हैं। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि यह मनुष्य की संवेदनशीलता और उसके नैतिक द्वंद का चित्रण है। अर्जुन महान योद्धा होते हुए भी संबंधों के मोह और परिणाम की चिंता से अपने कर्तव्य को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि अर्जुन का विषाद ही गीता के ज्ञान का प्रवेश द्वार बनता है। प्रथम अध्याय हमें विषाद से विवेक और मोह से आत्मबोध की ओर ले जाता है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि मनुष्य जब मोह, ममता और कर्तव्य के बीच उलझता है तब विवेक का सहारा ही उसे सही मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमार राधा द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की दुविधा विषय पर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार की चारदीवारी की प्रेरणा देता है। बाल्यकाल से लेकर जीवन के अंतिम समय तक उनके जीवन के अनेक प्रसंग मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में धैर्य, विवेक और कर्तव्य का पालन करने की सीख देते हैं। कार्यक्रम में डॉ बीके सिंह, हरिशंकर सिंह, अशोक सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, जेपी गुप्ता, डॉ.जीके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब, झाड़ियों से हादसे का खतरा

नगर पंचायत की बदहाली पर लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश के बाद नगर पंचायत की हालत न सिर्फ बदहाल हो चुकी है बल्कि लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि नगर के मुख्य मार्ग स्थित अधिकांश स्ट्रील लाइट खराब है तो वहीं साफ सफाई के अभाव में नालियों से आ रहे दुर्गंध से लोग परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क की अधिकांश लाइट लंबे समय से खराब पड़े और नालियों की सफाई नहीं हो सकी। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके मरम्मत व सफाई नहीं होने से लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए है जिसे लेकर नगर वासियों में काफी नाराजगी है।

खास बात
- नालियो की दुर्गंध से लोगों की बढ़ी परेशानी

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। समलेश्वरी मंदिर से लेकर नगर पंचायत कार्यालय तक सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। ऐसे में रात के समय सड़क पर अंधेरा छाया रहता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटें कुछ ही वर्षों में बदहाल हो गई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इनके रखरखाव और मरम्मत की ओर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से खराब स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत, नालियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।



झाड़ियों के बीच स्थित ट्रांसफार्मर व खराब स्ट्रीट लाइट।

ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां दे रही हादसे को न्योता

बारिश के बाद रैन बसेरा के समीप ट्रांसफार्मर के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। विद्युत उपकरणों के आसपास इस तरह झाड़ियों का बढ़ना सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में समय रहते सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं की गई तो कभी भ्झी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बदबूदार नालियों से भी लोग परेशान

नगर के विभिन्न हिस्सों में नालियों की स्थिति भी खराब बताई जा रही है। कई जगह नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और उनसे दुर्गंध उठ रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और उचित रखरखाव नहीं होने के कारण नगर की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बीमारी का भी खतरा बढ़ गया है।

लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

नगर को व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने के लिए नगर पंचायत सीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

-रैना जमील
कलेक्टर सूरजपुर



मवेशी लोड पिकअप को छोड़ भागे तस्कर पशु तस्कर की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रविवार की देर रात प्रेमनगर मार्ग पवनपुर बाजार घाट के समीप मुखबिर की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने मवेशी से भरे पिकअप को पकड़ा। पुलिस के दबिश देने पर वाहन सवार अंधेरा का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए।

पुलिस पशु तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि पिकअप क्रमांक एमपी 53 जेडजी 7218 मवेशियों को लोड कर ले जा रहे है। सूचना पर पुलिस वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक पिकअप खड़ी कर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर पांच भैंसा और एक भैंस बरामद हुई। वाहन के डाला को खोलने के दौरान एक भैंस जंगल की ओर भाग गया। रात का समय होने के कारण पुलिस को उसकी तलाश में सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने पिकअप एवं बरामद पशुओं को ट्रैक्टर की मदद से थाने पहुंचाया। पुलिस ग्राउंड में पशुओं के लिए चारा-पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध संबंधित पशु संरक्षण/पशु क्रूरता संबंधी कानूनों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वाहन स्वामी तथा पशुओं के परिवहन से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में बिसुन देव पैकरा, एसआई कृष्णा सिंह, मितेश मिश्रा, अजित सिंह, चन्द्रदेव मरावी एवं बिरन सिंह सक्रिय रहे।

एनएसयूआई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिला शिक्षा अधिकारी के निलबंन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं रैली में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शामिल किए जाने के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है इस मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू द्वारा सौंपे गए तीन पृष्ठीय ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों जिनमें नाबालिग छात्र-छात्राएं भी शामिल बताए गए हैं उनको 5 अक्टूबर को आयोजित एबीवीपी की कार्यक्रम रैली में शामिल किया गया ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यार्थियों को शहर की सड़कों पर तेज धूप में रैली में शामिल कराया गया जिसे लेकर विद्यार्थियों की सुरक्षा, अभिभावकीय सहमति तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले को केवल एक राजनीतिक विवाद के रूप में न देखकर नाबालिग विद्यार्थियों के अधिकार,सुरक्षा और विद्यालयों की निष्पक्षता से जुड़े विषय के रूप में लिया जाए तथा तथ्यात्मक जांच कराई। ज्ञापन में उठाया गया है कि संबंधित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसके द्वारा निर्देशित किया गया था। एनएसयूआई ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा किसी भी राजनीतिक या संगठनात्मक गतिविधि से ऊपर है संगठन ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि भविष्य में किसी भी विद्यालय अथवा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पर किसी राजनीतिक या संगठनात्मक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दबाव न बनाया जाए एनएसयूआई ने जिला प्रशासन के सामने कुल 9 प्रमुख मांगें रखी हैं। ज्ञापन के अंतिम बिंदु में एनएसयूआई ने कहा है कि यदि जांच में यह प्रमाणित होता है कि विद्यालयीन नाबालिग छात्र-छात्राओं को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था तो इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी की भी जांच की जानी चाहिए। एनएसयूआई ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी भी राजनीतिक अथवा संगठनात्मक गतिविधि में उनकी इच्छा या आवश्यक अनुमति के बिना शामिल किए जाने की पुनरावृत्ति न हो।

इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजेश साहू,मुस्तफा खान, रूद्र प्रताप सिंह,शिवम साहू,यश साहू,दुर्गेश जायसवाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्कूल परिसर से धान खरीदी केंद्र हटाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की लगातार शिकायत और समस्या को लेकर प्रकाशित खबरों के बाद प्रतापपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने रेंवटी स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ धान खरीदी के लिए वैकल्पिक स्थल का निरीक्षण कर स्थल चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

- विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

विधायक ने मौके पर शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में धान खरीदी केंद्र विद्यालय परिसर के खेल मैदान में संचालित होने के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन एवं खेल गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं धान खरीदी के दौरान बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित होने की शिकायत ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने धान खरीदी केंद्र के लिए अलग स्थल का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल चयन पर चर्चा की। विधायक ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से चर्चा कर धान खरीदी केंद्र के लिए उपयुक्त स्थल को स्वीकृत करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। ग्रामीणों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र को विद्यालय परिसर से हटाकर अलग स्थान पर संचालित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब विधायक के मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और वैकल्पिक स्थल की प्रक्रिया शुरू कराने से किसानों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में राहत की उम्मीद जगी है।



छात्रों ने बनाई विकास पर केंद्रित 76 वर्ग फीट की रंगोली

अम्बिकापुर। राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हॉकी खेल मैदान में 76 वर्ग फीट की एक विशाल रंगोली का निर्माण किया गया है। रंगोली की विषय वस्तु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित की गयी थी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के चयनित छात्रों ने दो दिन के प्रयास से रंगोली को आकार दिया। प्राचार्य डॉ.अनिल सिन्हा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिस थीम पर रंगोली बनाई गई है वह देश के विकास और देश सेवा को परिलक्षित करती है। रंगोली देखने के लिए 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

फैंसी ड्रेस में नन्हों ने बिखेरी प्रतिभा, तालियों से गूंजा अग्रोहा भवन

सूरजपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रोहा भवन में चल रहे अग्रसेन सप्ताह में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से खूब वाहवाही लूटी। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों पर अग्रोहा भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागी कुदरगढ़ी मैया, श्याम बाबा, भगवान विष्णु और प्रेमानंद महाराज सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्वरूपों में नजर आए। वहीं कई बच्चों ने जज, डॉक्टर, साइंटिस्ट सहित अलग-अलग पेशों का रूप धारण कर अपनी कल्पनाशीलता और प्रतिभा का परिचय दिया।

- अग्रसेन सप्ताह में उमड़ रहा समाज का उत्साह

बच्चों ने केवल वेशभूषा ही नहीं, बल्कि अपने पात्रों के अनुरूप संवाद और प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। नन्हे प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अभिभावकों और समाजजनों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए जमकर तालियां बजाईं। अग्रवाल सभा के आतिथ्य में आयोजित अग्रसेन सप्ताह के दौरान अग्रोहा भवन में लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेलकूद, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज के लोग बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग की भागीदारी से महोत्सव सामाजिक एकता और उत्साह का केंद्र बना हुआ है। अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजनों में सेवा, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिल रही है। आने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी समाजजनों में खासा उत्साह बना हुआ है।



आयुक्त के आदेश के बावजूद भूमि का रकबा दुरुस्त नहीं होने का आरोप

बलरामपुर। ग्राम लुरगी की पैतृक भूमि के राजस्व अभिलेखों में रकबा कम दर्ज किए जाने और सक्षम राजस्व न्यायालय के आदेश का पूर्ण पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए रामानुजगंज निवासी करीब 80 वर्षीय हासिम खान ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संबंधित पटवारी के खिलाफ जांच एवं दोष पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा राजस्व अभिलेखों को नियमानुसार दुरुस्त कराने की मांग की है।

- कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

आवेदन के अनुसार हासिम खान की पैतृक भूमि ग्राम लुरगी, तहसील रामानुजगंज में स्थित है। पुराना खसरा नंबर में भूमि का रकबा 4.47 हेक्टेयर बताया गया है, जबकि वर्तमान खसरा नंबर 1 से संबंधित रिकॉर्ड में कथित रूप से 1.94 हेक्टेयर रकबा दर्ज है। आवेदक का कहना है कि इस संबंध में वर्षों से राजस्व विवाद चल रहा है। आवेदक के अनुसार इस मामले में संभाग आयुक्त ने राजस्व अपील प्रकरण में 20 दिसंबर 2021 को आदेश पारित किया था। इसके बाद तहसीलदार रामानुजगंज द्वारा 17 जनवरी 2022 को आदेश के पालन के लिए संबंधित पटवारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व अभिलेखों में भूमि का पूरा रकबा दर्ज नहीं किया गया। हासिम खान ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच वर्तमान संबंधित पटवारी से हटाकर किसी वरिष्ठ एवं स्वतंत्र राजस्व अधिकारी या जांच दल से कराई जाए।

रहीम भारतीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुर वाणी बिखेरने वाले कोयल

अम्बिकापुर। सरगुजा हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा भारतेन्दु भवन में कवि रहीम पर आयोजित कार्यक्रम रहिमन धागा प्रेम का में हिंदी के युवा साहित्यकार डॉ.दीपक सिंह ने कहा कि रहीम ही मानवीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुरवाणी बिखेरने वाले एक कोयल की तरह है। उन जैसे कवियों और कलाकारों से ही भारतीय संस्कृति की परंपरा इतनी सघन, विविधतापूर्ण और जीवंत है। इस परम्परा को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

- रहिमन धागा प्रेम का कार्यक्रम में रहीम साहित्य पर चर्चा

कार्यक्रम में रहीम पर साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किये साथ ही रहीम की रचनाओं का सस्वर पाठ भी किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण वर्मा ने कहा कि रहीम के दोहों में अद्भुत मिठास और अपनापन है। सामान्य वस्तुओं, पेड़-पौधों, जानवरों और घटनाओं से भी रहीम नीति की अद्भुत बातें निकाल लेते थे और रामायण, महाभारत और पौराणिक प्रसंगों को भी सामान्य जीवन से बड़ी कुशलतापूर्वक जोड़ लेते थे। कवि एवं कथाकार रमेश द्विवेदी ने रहीम की अन्य रचनाओं पर अत्यंत शोधपूर्ण व विशद व्याख्या की। उन्होंने रहीम के सोरठा, बरवै, धनाक्षरी, कवित्त, सवैया पद इत्यादि छन्दों की विशिष्टताओं व गुणों पर सटीक उदाहरणों सहित अपनी बात रखी। अंजनी पाण्डेय और अंजनी कुमार मिश्रा ने रहीम की अनेक रचनाओं का सुमधुर और मार्मिक पाठ किया। कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने यथावसर रहीम के दोहों का सुप्रयोग करते हुए पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान वेदप्रकाश अग्रवाल, द्वितेंद्र मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, महेश वर्मा, डॉ.मृदुला सिंह, हरिशंकर त्रिपाठी, बबनजी पाण्डेय, श्याम कश्यप बेचैन, डॉ.रिजवानुल्ला, निर्मल तिग्गा, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, त्रिभुवन सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, विवेक दुबे, वंदना दत्ता आदि उपस्थित थे।



शासकीय कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मिले मौका, फूहड़ गानों पर लगे रोक : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजभाषा आयोग एवं संस्कृति विभाग द्वारा लोक कलाकारों के लिए सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने कहा की मेरे पास महापौर के नाते इतनी शक्ति नहीं है कि मैं तीज, त्यौहार, नवरात्रि, दशहरा में छत्तीसगढ़ के बाहर से आने वाले उन कलाकारों को रोक सकूं जो यहां विभिन्न आयोजनों के नाम पर फूहड़ता परोसते हैं। यदि निगम के तहत महापौर के पास ऐसी शक्तियां होती तो मैं ऐसे आयोजकों पर कार्रवाई करती और जुर्माना लगाती।

- लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित

यह व्यक्तव्य उन्होंने फूहड़ गानों को लेकर शुरू हुई चर्चा पर अपना विचार रखते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार से यह भी खुले मन से निवेदन करूंगी की सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को ही मौका मिले, फूहड़ गानों पर रोक लगे। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत खुद को भी नहीं रोक पायी और जितिया, करमा, सुग्गा के गीत उन्होंने अपने भाषा में गाया और कहा कि यही हमारी संस्कृति और पहचान है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि यह आयोजन लोक कलाकारों के सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से है। निश्चित ही हम सब संगठित होकर, एकजुट होकर ही देश को समर्थ और विकसित बना सकते हैं। सरगुजा जिले एवं संभाग के लोक कलाकार रंजीत सारथी, गोपाल पांडेय, आयुष नामदेव, प्रकाश रसीला, राहुल पांडेय, कविता देवांगन, फलेंद्र सिंह, बबलू सरगुजिहा, आनन्द गुप्ता ने सरगुजा की लोक संस्कृति करमा, सुग्गा एवं जीवन से जुड़ी गीत, भजन, देशभक्ति गीत सहित ऐसे गीत गाये। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम कश्यप बैचेन, संतोष दास सरल, रविन्द्र तिवारी, कृष्णकांत पाठक ने अपने देशभक्ति पूर्ण कवितायें प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन अम्बिकापुर विकास समिति के संयोजक अंचल ओझा एवं आभार प्रदर्शन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऋषि सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक सूरज कुमार, प्रवीण शर्मा, आराधना त्रिपाठी, रंजना द्विवेदी, नीलिमा जायसवाल, रितु सिंह, आयुष सिन्हा, सुरेश यादव, हीरालाल राजवाड़े, अनीशा गुप्ता, विवेक सिंह, संतलाल, पीजी कॉलेज की छात्राएं सीमा यादव, प्रियांशी राजवाड़े एवं सरस्वती महाविद्यालय की छात्र छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।



541.70 लाख की लागत से बनेगा 11 मीटर चौड़ा गौरव पथ शासकीय अस्पताल से एनएच मार्ग तक होगा निर्माण

लखनपुर। नगर पंचायत के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण कार्य को छत्तीसगढ़ शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर में 541.70 लाख रूपए की लागत से शासकीय अस्पताल से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तक गौरव पथ का निर्माण कराया जाएगा। बता दें कि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के लिए आवश्यक निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। लगभग 11 मीटर चौड़े इस गौरव पथ के निर्माण से नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। साथ ही विद्युत पोलों के व्यवस्थित स्थानांतरण, सड़क सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी सुविधाओं के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति मिलने से नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। 541.70 लाख रूपए की लागत से बनने वाला यह गौरव पथ लखनपुर के विकास, और नगर सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

खबर संक्षेप

एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट के लिए बिश्रामपुर टीम का चयन आज

बिश्रामपुर। एसईसीएल के अंतरक्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट में बिश्रामपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली हॉकी टीम के गठन के लिए 7 अक्टूबर को एकता ग्राउंड बिश्रामपुर में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी,इसके लिए क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों से हॉकी टीम के चयन में शामिल होने की अपील की गई है,एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के निर्देश पर एसईसीएल के अंतरक्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है,अंतरक्षेत्रीय प्रतियोगिता 14 से 17 अक्टूबर तक बिलासपुर स्थित स्व. बीआर यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम बहतराई में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी,प्रतियोगिता को देखते हुए बिश्रामपुर क्षेत्र की हॉकी टीम के चयन के लिए 7 अक्टूबर की सुबह 9.30 बजे एकता ग्राउंड में चयन प्रक्रिया रखी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर ही उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेना होगा। चयन प्रक्रिया में वरीय अधिकारी मानव संसाधन आलोक पाण्डेय एवं वरीय लिपिक संजय कुमार चयनकर्ता के रूप में मौजूद रहेंगे।

जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने दिए 201 आवेदन



रनहत। ग्राम पंचायत रनहत में सेवा संकल्प अभियान के तहत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भैरोपुर, चमनपुर, अमरपुर, करीं चलगली, मकरो, लुर्गी खुर्द, चितमा एवं अन्य ग्राम पंचायत से आए 201 ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं शिकायत पत्र दिया जिसका समाधान जिला एवं जनपद स्तर पर किया जाएगा। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष शंभूनाथ जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, जिला पंचायत सदस्य अनिता मरकाम, जनपद सदस्य कैलाश सोरटीया डौरा युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष जायसवाल, विकास जायसवाल, शैलेष जायसवाल, देवनंदन काशी, संतोष यादव, रामबसीर साण्डिल्य, रविन्द्र यादव, राजकुमार यादव आदि उपस्थित थे।

हल्दी-चावल देकर विधायक को मिला कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण

सीतापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले आंगन मिलन-आंगन उत्सव कार्यक्रम के लिए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो को आज अनोखे एवं पारंपरिक अंदाज में आमंत्रण दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने विधायक कार्यालय पहुंचकर पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार हल्दी और चावल देकर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया।

एयरटेल डिस्ट्रीब्यूटर से लाखों की लूट गिट्टी सप्लाई के लेनदेन से जुड़ा है मामला

अंबिकापुर। शहर के गांधी चौक के समीप स्थित एयरटेल डिस्ट्रीब्यूटर से दो से तीन लाख रूपए की लूट का मामला सामने आया है। गिट्टी सप्लाई के रकम की वसूली को लेकर हुए विवाद के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सतीश कुमार मौर्य की गांधी चौक के समीप एयरटेल की दुकान है। सतीश कुमार मौर्य एयरटेल के डिस्ट्रीब्यूटर के साथ ही बैंकिंग का काम करते है। सोमवार की शाम दुकान में कलेक्शन का पैसा आया हुआ था। इसी बीच नीरज पाठक नामक युवक भी दुकान में आया हुआ था। संचालक के अनुसार नीरज पाठक गिट्टी सप्लायर है और बैकुंठपुर में उसने सतीश मौर्य को एक हाइवा गिट्टी दी थी और उसी का पेमेंट लेने के लिए वह दुकान में आया था। दुकान में संचालक सतीश मौर्य ने गिट्टी का बिल और पिट पास मांगा व बिल एवं पिट पास देने पर भी भुगतान करने की बात कही जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद होने पर नीरज पाठक ने गाली गलौज करते हुए उसके शर्ट का बटन तोड़ दिया। इसी बीच काउंटर पर कलेक्शन से दो से तीन लाख रूपए लूटकर नीरज पाठक भाग निकला। इस दौरान जब लोगों ने भागने की कोशिश की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पर पहुंची थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की जांच जारी थी।

दिन के समय बस्ती के समीप पहुंचे

उदयपुर में अलग-अलग दलों में बटे 26 हाथी, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के उदयपुर क्षेत्र में 26 हाथियों की मौजूदगी से दहशत का माहौल है। हाथी अलग अलग विभक्त होकर क्षेत्र के जंगलों और बस्तियों में विचरण कर रहे है। इस बीच सुबह में शौच के लिए निकले ग्रामीण का हाथी से सामना हो गया। हाथी के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जारी है। वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने और हाथियों से छेड़खानी नहीं करने का आह्वान किया जा रहा है।

खास बात
- फसलों को पहुंचाया नुकसान मार्ग करना पड़ा बंद

बता दें कि जिले के उदयपुर क्षेत्र में 26 हाथियों का दल सक्रीय है। हाथी उदयपुर के कर्मकठरा जंगल के साथ ही आस पास के क्षेत्रों में विचरण कर रहे है। बड़ी बात यह है कि 26 हाथी 5 अलग अलग दलों में विभक्त हो गई है। इनमें से कुछ दंतैल अकेले ही बस्तियों और जंगल में विचरण कर रहे है जबकि कुछ हाथी जंगल में मौजूद है। हाथी दिन के समय भी जंगल से निकलकर खेतों में धान की फसल खाने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। वर्तमान में उदयपुर क्षेत्र के अल्कापुरी, लक्ष्मणगढ़, महेशपुर, मानपुर जजगी, महेशपुर, फूनगी , कई जगह एक साथ निकल रहे है। हाथियों के एक साथ अलग अलग जगहों पर निकलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग की भी चुनौती बढ़ गई है। हाथियों के अलग अलग क्षेत्रों में निकलने से वन विभाग के लिए उनपर निगरानी रखना भी मुश्किल होता जा रहा है। फिलहाल वन विभाग द्वारा प्रभावित गावों में मुनादी कराने के साथ ही लोगों को हाथियों से दूर रहने, शाम होते ही घरों के अन्दर रहने की सलाह दी जा रही है।



धान के खेत में हाथी व निगरानी करते लोग।

आक्रामक हुआ दल

पिछले दिनों ग्रामीण द्वारा लगाए गए हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक हाथी शावक की मौत के बाद हाथियों का दल काफी आक्रमक हो गया है। यदि हाथियों से किसी का सामना हुआ तो उसका बचना मुश्किल होगा। इसी बीच सुबह में हाथी के हमले में ग्रामीण के घायल होने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सुबह 7 बजे से ही मतरिंगा रोड से जुड़े मार्ग जजगी चौक, उपका, मानपुर फूनगी, लक्ष्मणगढ़, महेशपुर के चौक चौराहों पर वन विभाग बैरिकेटिंग लगाकर निगरानी कर रही है। मार्ग बंद होने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। वन विभाग द्वारा लोगों को हाथी प्रभावित क्षेत्र में जाने से रोका जा रहा है।

हमले में टूट गई पसली

हाथी जंगल से निकलकर बस्ती की ओर आ रहे है। इस बीच मंगलवार की सुबह महेशपुर में मुंगरी तालाब के समीप हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। महेशपुर निवसी 65 वर्षीय मोहन कुजूर सुबह 7 बजे शौच के लिए निकला हुआ था। इस दौरान अचानक ही उसका हाथी से सामना हो गया। हाथी को देखकर ग्रामीण ने भागने का प्रयास किया लेकिन वे हाथी के चपेट में आ गये। इस घटना में ग्रामीण की पसली टूट गई। ग्रामीण को उपचार के लिए सीएचसी उदयपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। फ्रलिहाल ग्रामीण का उपचार जारी है।

लालमाटी में 2.39 एकड़ भूमि शासकीय मद में दर्ज करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एसडीएम धौरपुर के न्यायालय ने ग्राम लालमाटी, राजस्व निरीक्षक मंडल रघुनाथपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 70.2, रकबा 0.967 हेक्टेयर के संबंध में प्रकरण की सुनवाई करते हुए उक्त भूमि से अनावेदकों का नाम विलोपित कर संपूर्ण भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों, पटवारी प्रतिवेदन एवं राजस्व अभिलेखों के परीक्षण में पाया गया कि संबंधित भूमि पूर्व में शासकीय मद में दर्ज थी।

- भूमि के क्रय-विक्रय को किया गया शून्य, संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर और अतिक्रमण हटाने के निर्देश
- प्रकरण में हल्का पटवारी के विरुद्ध होगी विभागीय जांच

न्यायालय ने भूमि से संबंधित दस्तावेज एवं पटवारी प्रतिवेदन को संदिग्ध एवं कूटरचित पाया। इसके आधार पर पुनर्विलोकन के बाद भूमि खसरा क्रमांक 70/2 रकबा 2.39 एकड़ को पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज करने तथा इससे संबंधित क्रय-विक्रय को शून्य घोषित करने का आदेश दिया गया है। न्यायालय ने भूमि के विक्रेता बंशु लोहार पिता भुटकूल, निवासी ग्राम परसा तहसील अम्बिकापुर तथा क्रेतागण मिस्हाबुल इस्लाम पिता सफी अहमद, निवासी मोमिनपुर अम्बिकापुर और मो. सलीम पिता मो. कमालुद्दीन, निवासी सोस, जिला रांची (झारखंड) के विरुद्ध संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वादभूमि पर शिकायतकर्ता रामचन्द्र लकड़ा आदि के विरुद्ध अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेश दिए गए हैं। आदेश के परिपालन में नायब तहसीलदार, उप तहसील रघुनाथपुर को भूमि से अनावेदकों का नाम विलोपित कर संपूर्ण भूमि शासकीय मद में दर्ज करने, संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर न्यायालय को सूचित करने तथा अतिक्रमण पाए जाने पर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 248 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं पंचनामा को त्रुटिपूर्ण बताते हुए प्रकरण में तत्कालीन हल्का पटवारी सुरेश कुमार दाहिरे के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के लिए कलेक्टर (भू-अभिलेख), सरगुजा को पत्र प्रेषित किया है।



दो गांवों में पुलिया निर्माण की मांग, 87 परिवारों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्राम पंचायत कोदवा और ग्राम पंचायत कोटालू के ग्रामीणों ने अपने-अपने पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण की मांग शासन-प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया नहीं होने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत कोदवा के डुम्बर कोना पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण की मांग की गई है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया बनने से करीब 40 परिवारों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसी तरह ग्राम पंचायत कोटालू के बरकोना स्कूल पारा पहुंच मार्ग पर भी पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बनने से करीब 47 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से दोनों स्थानों की आवश्यकता को देखते हुए जल्द पुलिया निर्माण की स्वीकृति और कार्य शुरू कराने की मांग की है।

बिना सूचना के 5 बजे तक रहा बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

मानीचौक। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिश्रामपुर बस स्टेशन से निकलने वाले पोड़ी फीडर से जुड़े दर्जनों पंचायतों में बिजली आपूर्ति बंद रही। बिना पूर्व सूचना के करीब साढ़े पांच घंटे तक बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार जब बिजली आपूर्ति लंबे समय के लिए बंद की जाती है तो विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दी जानी चाहिए, ताकि लोग पेयजल सहित अन्य जरूरी व्यवस्था कर सकें। लेकिन मंगलवार को सुबह 11.30 बजे बिजली बंद होने के बाद शाम 4 बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली बंद रहने से कई परिवार पेयजल की व्यवस्था नहीं कर पाए। वहीं बैंक और सीएससी केंद्रों में नगद राशि निकालने पहुंचे लोगों को भी बिजली के अभाव में घंटों इंतजार करना पड़ा। ऑनलाइन कामकाज और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित रहे। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि भविष्य में लंबी अवधि की बिजली कटौती से पहले उपभोक्ताओं को सूचना दी जाए।

बिश्रामपुर जेई कामिल केरकेट्टा ने बताया मै अंबिकापुर हॉस्पिटल आया हूं ,क्या प्राब्लम में बिजली बंद था इसकी जानकारी नहीं है।

दो ग्राम पंचायतों के सरपंचों को पत्र भेजकर ग्रामीणों को जागरूक करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

आमगांव खुली खदान में कथित कोयला चोरी को लेकर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

- सुबह से रात तक ग्रामीण खदान में करते हैं अनाधिकृत प्रवेश

बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव ओपन कास्ट प्रोजेक्ट प्रबंधन ने चिंता जताई है। खदान प्रबंधन ने ग्राम पंचायत सालही एवं ग्राम पंचायत पटना के सरपंचों को पत्र भेजकर ग्रामीणों को खदान में अनधिकृत रूप से प्रवेश नहीं करने तथा कोयला चोरी से दूर रहने के लिए सूचित करने की बात कही।

खान प्रबंधक, आमगांव ओसीपी द्वारा जारी पत्र क्रमांक बिश्रामपुर,आमगांव 2 अक्टूबर में उल्लेख किया गया है कि आमगांव खुली खदान कोल इंडिया लिमिटेड की खदान है, जो सूरजपुर जिले में संबंधित ग्रामों के नजदीक स्थित है। प्रबंधन के अनुसार सुबह से रात तक कुछ ग्रामीण कथित रूप से खदान में अनधिकृत प्रवेश कर कोयला ले जाते हैं। पत्र में कहा गया है कि 2 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे दो व्यक्ति कोयला चोरी के उद्देश्य से खदान में प्रवेश करते पाए गए।

आमगांव खुली खदान में कोयला चोरी को लेकर एसईसीएल चिंतित

भारी वाहनों और ब्लास्टिंग के कारण हादसे का खतरा

एसीईसीएल प्रबंधन ने खदान में अनधिकृत प्रवेश को ग्रामीणों के लिए गंभीर जोखिम बताते हुए कहा है कि खदान क्षेत्र में भारी वाहनों का लगातार संचालन होता है। इसके अलावा, पत्र के अनुसार, प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 बजे के बीच डीजीएमएस की अनुमति के तहत हेवी ब्लास्टिंग भी की जाती है। प्रबंधन ने ओवरबर्डन डंप के धंसने तथा गैस रिसाव जैसी संभावित घटनाओं का भी उल्लेख किया है। पत्र में आशंका जताई गई है कि खदान में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले लोगों के साथ किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है।

राजस्व का नुकसान

पत्र में कोयला चोरी के कारण एसईसीएल के साथ-साथ राज्य एवं केंद्र सरकार को भी राजस्व की हानि होने की बात कही गई है। खदान प्रबंधन ने दोनों ग्राम पंचायतों के सरपंचों से ग्रामीणों को खदान में अनधिकृत प्रवेश एवं कोयला चोरी के खतरों के संबंध में जानकारी देने का अनुरोध किया है। प्रबंधन ने यह भी कहा है कि यदि ग्रामीणों को सूचित किए जाने के बावजूद कोई व्यक्ति खदान में प्रवेश करता है और उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

अग्रवाल समाज के शिविर में किया गया 100 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल है। अग्रवाल सभा की ओर से सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इन आयोजनों के बीच समाज ने मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए वृहद रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में करीब 100 यूनिट रक्तदान किया गया। खास बात यह रही कि रक्तदान के लिए पुरुषों के साथ समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आईं। लगभग 55 महिलाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद के लिए अपनी भागीदारी निभाई।

- पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी कायम की समाज सेवा की मिसाल

श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की और समाज सेवा का संदेश दिया। इसके बाद समाज के अन्य सदस्य भी रक्तदान के लिए आगे आए। शिविर में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर यह संदेश दिया कि मानव सेवा के इस कार्य में समाज का हर वर्ग अपनी भूमिका निभा सकता है। रक्तदान को महादान माना जाता है, क्योंकि जरूरत के समय उपलब्ध रक्त किसी मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। अग्रवाल समाज के इस आयोजन में उत्सव के साथ सेवा का भाव भी देखने को मिला। जयंती से जुड़े कार्यक्रमों के बीच रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज ने जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प सामने रखा। रक्तदान शिविर के साथ मंच पर अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर महफिल में रंग जमा दिया।



मंच का संचालन श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने किया. जयंती आयोजन के तहत कबड्डी प्रतियोगिता, फैमिली गेम, महिलाओं और बालिकाओं के लिए गुड़लिया चलो प्रतियोगिता, ओपन गेम और खजाना खोजो प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल,रुपेश मित्तल कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई।

कलेक्टर ने किया जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

बलरामपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के सहायक नियम-39 के प्रावधानों के तहत जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे अदालती एवं गैर अदालती मुद्रांक, कोर्ट फीस कॉपिंग टिकट, नोटरियल टिकट, रेवेन्यू टिकट, स्पेशल एडहेसिव स्टाम्प तथा बहुमूल्य सामग्रियों के पैकेटों का भौतिक सत्यापन कर उनका मिलान कोषालय में संधारित पंजियों से कराया। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी से विभागीय कार्यप्रणाली पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

एसईसीएल की बंद पड़ी कुमदा 7-8 खदान से 80 मीटर पॉवर केबल काटकर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी कुमदा 7/8 भूमिगत खदान में हथियारों से लैस 15-20 अज्ञात लोगों के समूह द्वारा सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर भूमिगत खदान से करीब 80 मीटर लंबी पावर केबल काटकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में खदान के सुरक्षा प्रभारी ने बिश्रामपुर थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

- 15-20 लोगों के संगठित गिरोह ने सुरक्षा कर्मियों को बनाया बंधक, कम्पनी को करीब सवा दो लाख का नुकसान

पुलिस में की गई शिकायत अनुसार घटना 5 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे कुमदा 7/8 भूमिगत खदान में हुई जहां करीब 15-20 अज्ञात व्यक्ति खदान के सरफेस क्षेत्र में पहुंचे और वहां तैनात कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को डरा धमकाकर बंधक बना लिया। आरोप है कि संगठित गिरोह में शामिल करीब 5-6 लोग टांगी,रॉड हथियार से लैस थे। घटना के दौरान करीब 10-12 लोग भूमिगत खदान के अंदर प्रवेश कर गए और लगभग 80 मीटर लंबी 70 एमएम पावर चार्ज केबल काटकर अपने साथ ले गए। शिकायत में बताया गया है कि घटना के समय बंधक बनाए गए कर्मचारी एवं सुरक्षा कर्मी भय और दहशत की स्थिति में थे। चोरी की गई केबल की अनुमानित कीमत करीब 2.08 लाख रुपये बताई गई है। खदान प्रबंधन ने कहा है कि इस प्रकार की घटना से खदान की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी हुई है।

डेढ़ साल से अधिक समय से बंद है कुमदा क्षेत्र की दोनों खदान

एसईसीएल बिश्रामपुर में अपने समय की क्रीम खदान माने जाने वाली दोनों कुमदा सात आठ और बलरामपुर खदान विगत करीब डेढ़ वर्षों से बंद पड़ी है,कभी उक्त दोनों खदान लांगवाल पद्धति से कोयला निकालने के लिए कोल इंडिया में चर्चित हुई थी,चाइना देश के लांगवाल तकनीक के बाद दोनों खदानों शॉट वाल से कोयला निकाला गया।नब्बे के दशक की दोनों खदान बाद में लंबे समय तक घाटे में भी संचालित होती रही।सात आठ खदान 2024 में इसी क्लीयरेंस के आभाव में कंपनी ने बंद कर दिया जबकि बलरामपुर खदान भी जुलाई 2025 से ईसी के आभाव में बंद की गई है।खदान प्रबंधन का कहना है कि दोनों खदानों में करीब 25 लाख टन के करीब कोयला का रिजर्व है,इसे रेवन्यू शेयर मोड में देने के लिए कंपनी विचार कर रही है।



